पत्रांक : केन्द्रीय(मा0) 363/23 के0-1221

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक : 23/09/2023

**विषयः वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के लिए परीक्षा आवेदन भरे जाने के संबंध में।**

**प्रसंगः** (i) विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0–319/2023
(ii) समिति पत्रांक–केन्द्रीय (मा0)–363/23 के0–1206, दिनांक 20.09.2023

महाशय,

विषयगत् प्रासंगिक विज्ञप्ति (i) एवं आपको संबोधित निर्गत पत्र (ii) का कृपया निदेश करें। समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 319/2023 दिनांक 20.09.2023 के द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 के लिए परीक्षा आवेदन भरने के संबंध में विस्तृत निदेश प्रचारित है तथा परीक्षा आवेदन भरने की तिथि 30.09.2023 तक विस्तारित की गयी है।

2. विषयांकित कार्य से अवगत कराते हुए प्रासंगिक पत्र (ii) के द्वारा आप सबसे यह अनुरोध किया जा चुका है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 के लिए अधीनस्थ विद्यालयों को तत्परतापूर्वक परीक्षा आवेदन भरने हेतु निदेशित करने की कृपा करें। **वस्तुस्थिति की समीक्षा के क्रम में यह पाया जा रहा है कि वर्ष 2023 का पंजीयन जिसके आधार पर अहर्ता प्राप्त छात्र/छात्रा वर्ष 2024 की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित होंगे, की संख्या लगभग 17,10,000 है। इस आधार पर यह आकलन किया जा सकता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या विगत वर्षों की तुलना में अधिक होगी, क्योंकि पंजीकृत छात्र/छात्राओं के साथ–साथ पूर्ववर्ती (EX) छात्र, समुन्नत (Betterment) कम्पार्टमेन्टल, एकल विषय अंग्रेजी के लिए भी छात्र/छात्राओं के द्वारा भी परीक्षा आवेदन भरे जाएँगें। इसके अनुपात में अभी तक भरे गये परीक्षा आवेदनों की संख्या मात्र 4,50,000 है।** यह स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि आपके अधीनस्थ विद्यालय प्रधान आवेदन भरने के लिए सजग एवं सतर्क नहीं है।

3. यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि विगत वर्ष की परीक्षाओं में परीक्षा आवेदन भरने के लिए समुचित अवसर दिये जाने के बावजूद समय सीमा समाप्त होंने के पश्चात् आपके द्वारा परीक्षा आवेदन भरने के लिए तिथि विस्तारित किये जाने के निमित्त अनुरोध किये जाते रहे हैं। इसकी पुनरावृत्ति न हो, इसलिए यह आवश्यक है कि आप अभी से अपने अधीनस्थ विद्यालय प्रधान को निर्धारित समयावधि के अन्दर परीक्षा आवेदन भरने के लिए निदेशित करें।

4. वर्णित कंडिकावार परिदृश्य में आग्रह है कि अपने स्तर से अधीनस्थ विद्यालय प्रधान के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग (V.C.) के माध्यम से उन्हें निदेशित करने की कृपा करें कि **पंजीकृत छात्र/छात्राओं एवं अन्य अर्हक छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन निर्धारित समयावधि के अन्दर भरे जाये तथा वांछित परीक्षा शुल्क भी साथ–साथ जमा किया जाए। विदित हो कि परीक्षा आवेदन के साथ–साथ परीक्षा शुल्क भी जमा किए जाने का प्रावधान किया गया है।**

5. अनुरोध है कि इसे प्राथमिकता देते हुए अपने स्तर पर विषयांकित कार्य के ससमय किये जाने के बिन्दु की नियमित समीक्षा करने की कृपा की जाए। कृपया इसे महत्वपूर्ण समझें।

विश्वासभाजन,

23.09.23

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक–केन्द्रीय (मा०)–363/2380-1221/दिनांक : 23/9/2023